नितिन नवीन
मंत्री
पथ निर्माण विभाग
बिहार, पटना

बिहार सरकार

Nitin Nabin
Minister
Road Construction Department
Bihar, Patna

पत्रांक 1162 दिनांक 22-09-2021

आदरणीय श्री नीतीश मिश्रा जी,

नमस्कार।

मधुबनी जिलान्तर्गत तिलक चौक पथ निर्माण की सड़क से गौशाला चौक, आदर्शनगर–नवटोली होते हुए पंचवटी चौक एन0एच0 527A तक जानेवाली पथ के अधिग्रहण के संबंध में आपका पत्रांक 304, दिनांक 30.08.2021 प्राप्त हुआ, धन्यवाद।

आपके पत्र को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना को भेज दिया गया है।

सूचनार्थ।

भवदीय

(निितिन नवीन)

श्री नीतीश मिश्रा
माननीय स0वि0स0
आवास–112, कौटिल्य नगर,
पटना–800014

कार्यालय- विश्वेश्वरैया भवन, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800015, Office- Vishweshwaraiya Bhawan, 1st Floor, Bailey Road, Patna-800015
आवास- 03, टेलर रोड, पटना-800001, Residence- 03, Taylor Road, Patna-800001
दूरभाष : 0612-2547115 (का0) फैक्स : 0612-2547942 (का0) Phone : 0612-2547115(O), Fax- 0612-2547942(O)

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 304/2021
Dt-30-8-2021

प्रिय नितिन जी,

विषयः—**मधुबनी नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत तिलक चौक आर०सी०डी० सड़क से गौशाला चौक, आदर्शनगर, नवटोली होते हुए पंचवटी चौक एन०एच० 527A तक जानेवाली सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने के संबंध में।**

आप अवगत होगें कि नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 762 दिनांक 6.7.2021 के आलोक में दिनांक 7.7.2021 को माननीय उपमुख्यमंत्री सह मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार की अध्यक्षता में राज्य के अधीन विभिन्न नगर निकाय क्षेत्रान्तर्गत 6 मी० अथवा उससे अधिक चौड़ी सड़कों को जिसकी लम्बाई 0.5 कि०मी० से अधिक है को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण के संबंध में हुई समीक्षा बैठक में 303 पथों की समेकित सूची भेजी गई है। नगर निकाय की वैसी सड़कें जिसकी लम्बाई 0.5 कि०मी० से कम है, के निर्माण एवं रख—रखाव नगर विकास विभाग के द्वारा किया जाना निश्चित हुआ है।

मधुबनी नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत तिलक चौक आर०सी०डी० सड़क से गौशाला चौक, आदर्शनगर, नवटोली होते हुए पंचवटी चौक एन०एच० 527A तक जानेवाली सड़क आमजनों के आवागमन का मुख्य मार्ग है, जिसकी चौड़ाई 6 मी० से अधिक एवं लम्बाई लगभग 3 कि०मी० है, साथ ही यह पथ एन०एच० 527A से जुड़ने के कारण एक व्यस्त मार्ग है।

उक्त पथ का रख—रखाव एवं मरम्मति कार्य न होने से जर्जर अवस्था में है। जनहित में इस सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कराने की आवश्यकता है। यह पथ नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने हेतु दिए गए 303 पथों की समेकित सूची में सम्मिलित नहीं है।

अतः अनुरोध है कि मधुबनी नगर निगम में स्थित तिलक चौक आर०सी०डी० सड़क से गौशाला चौक, आदर्श नगर, नवटोली होते हुए पंचवटी चौक एन०एच० 527A तक जानेवाली नगर निकाय की सड़क को पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 30.8.21

सेवा में,
श्री नितिन नवीन जी,
माननीय मंत्री,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार सरकार, पटना

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranit www.jhanjharpur.co.in